क्रमांक 12060–3 एस–75/36710

प्रेषक

मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार।

सेवा में

(1) हरियाणा के सभी विभागाध्यक्ष, आयुक्त अम्बाला व हिसार मण्डल तथा हरियाणा के सभी उपायुक्त एवं उप मंडल अधिकारी।

(2) रजिस्ट्रार, पंजाब तथा हरियाणा उच्च न्यायालय तथा हरियाणा के सभी जिला तथा सत्र न्यायधीश।

दिनांक चण्डीगढ, 16 दिसम्बर, 1975

विषय :—गोपनीय रिपोर्ट फाईलों बारे।

महोदय

उपरोक्त विषय की ओर ध्यान दिलाते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सरकार के ध्यान में आया है कि कभी-कभी वार्षिक गोपनीय रिपोर्टस व ऐसी फाईलें जिन में गोपनीय रिपोर्टस होती हैं, लापरसाही से अन्य विभागों को भेज दी जाती है। कभी-कभी तो ऐसे (documents/files), खुले तौर पर, सचिवालय को circulating branch के माध्यम से ही विभागों में प्राप्त होते हैं। यह विधि असंतोषजनक है तथा इस प्रकार से ऐसे मामलों की गोपनीयता सुनिश्चित नहीं की जा सकती। अतः मुझे आप से अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि भविष्य में ऐसे सभी caaes जिन में ए0सी0 आरज0 या ए0पी0आर0 फाईलें लगी हुई हों उन पर confidential लिखा जाना चाहिए और उन्हें गोपनीय रुप में मोहर बन्द लिफाफे में भेजना चाहिए। आइन्दा ऐसे documents/files लापरवाही से भेजने का गम्भीर दृष्टिकोण लिया जाएगा।

कृपया इस पत्र को सभी सम्बन्धितों के ध्यान में उचित कार्यवाही हेतु ला दिया जाए और इस पत्र की पावती भी भेजी जाए।

उप सचिव राजनैतिक एवं सेवाएं,
कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार।

एक-एक प्रति हरियाणा के वित्तायुक्त तथा सभी प्रशासकीय सचिवों को सूचनार्थ तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जाती है।

भवदीय,

उप सचिव, राजनैतिक एवं सेवाएं,
कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार।

सेवा में

वित्तायुक्त हरियाणा तथा हरियाणा के सभी प्रशासकीय सचिव।